**VASISHTHA GENESIS SCHOOL, BARDOLI**
**(Academic Session 2026-27)**

**Date: ________ Class: VI Div: A/C Roll No: ______ Sub: 2LHindi**
**Name: ______________________________________ Worksheet:Revision P.T-2 Ch-3,4**

## पाठ-3 हर झंडा कुछ कहता है

❖ **संक्षेप में प्रश्नों के उत्तर -**

i. अब झंडे किस पर बनाए जाते हैं?

उ. अब झंडे कपड़े पर बनाए जाते हैं।

ii. सफ़ेद चैकवाला झंडा क्या बतलाता है?

उ. काले और सफ़ेद चैकवाला झंडा बतलाता है कि कार दौड़ समाप्त हो गई है।

iii. विशेष व्यक्ति को श्रद्धांजलि कैसे दी जाती है?

उ. विशेष व्यक्ति को श्धांजलि राष्ट्रीय ध्वज को झुकाकर दी जाती है।

❖ **विस्तार से प्रश्नों के उत्तर -**

i. केशिवा ने घर आकर क्या किया ?

उ. केशिवा ने घर आकर हाथ-मुँह धोकर फ्रिज़ से सैंडविच ओर जूस निकाला और सीधे अपने कमरे में जाकर कंप्यूटर खोल लिया ।

ii. पुराने ज़माने में झंडे किससे बनाए जाते थे और क्यों ?

उ. पुराने ज़माने में झंडे वृक्षों की छाल और जीव-जंतुओं की खाल आदि से बनाए जाते थे ताकि इन्हें आसानी से लाया-ले जाया जा सके।

iii. जहाज़ संकट में है- यह कैसे पता चलता है?

उ. जब किसी जहाज़ पर बैंगनी झंडे पर काला गोला दिखाया जाए तो इसका मतलब होता है जहाज संकट में है।

iv. राष्ट्रीय ध्वजकिसका प्रतोक है ओर क्या बताता है?

उ. राष्ट्र्ध्वज देश के सम्मान का प्रतीक है वह किसी भी देश का राष्ट्रीय ध्वज उस देश के सांस्कृतिक मूल्यों, इतिहास और दर्शन को बताता है।

# कविता-4 सारी दुनिया मेरी है

- **संक्षेप में प्रश्नों के उत्तर -**

i. कविता के अनुसार नाना जी कहाँ रहते हैं?

उ. कविता के अनुसार नाना जी पश्चिम में रहते हैं।

ii. उत्तर में कौन रहती है ?

उ. उत्तर में जिज्जी रहती है।

iii. छुट्टी में आने के लिए कौन कहते हैं?

उ. छुट्टी में आने के लिए दादा जी और नाना जी कहते हैं।

iv. बच्चे की संग-सहेली कौन है?

उ. प्यारी-प्यारी कविता बच्चे की संग-सहेली है।

- **विस्तार से प्रश्नों के उत्तर -**

i. बच्चे को किन-किन से प्यार है?

उ. बच्चे को जिज्जी, बुआ, दादा, नाना सबसे प्यार है।

ii. बच्चे का संसार कौन-सा है?

उ. उत्तर, दक्षिण, पूरब, पश्चिम सब बच्चे का संसार है।

iii. बच्चे को क्या अजब पहेली लगती है?

उ. बच्चे को अंबर यानी आसमान जो चंदा मामा की हवेली है, एक पहेली लगती है।

iv. बच्चे की अकेली जान को क्या परेशानी है?

उ. बच्चे की अकेली जान को यह परेशानी है कि वह छुट्टियों में दादा जी के घर जाए या नाना जी के घर।

v. 'सारी दुनिया मेरी है' का क्या अर्थ है?

उ. 'सारी दुनिया मेरी है' का यह अर्थ है कि बच्चे को अपने आसपास यानी वह जो कुछ भी देखता है वो सब उसे अपना-सा लगता है।